बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**

पत्रांकः योष्था06 / 03–19 / 2023 - 3887 / यो0वि0,पटना,दिनांक 22 जुलाई, 2026

प्रेषक,

**ददन प्रसाद खरवार,**
सरकार के उप सचिव

सेवा में,

**मुख्य अभियंता,**
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना।

ई–मेल

**सभी अधीक्षण अभियंता,**
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
सभी कार्य अंचल।

**सभी कार्यपालक अभियंता,**
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
कार्य प्रमंडल–01 एवं 02

विषयः **स्थानांतरित सहायक अभियंताओं के प्रभार का आदान–प्रदान कराने के संबंध में।**

प्रसंगः विभागीय अधि0 सं0– 3422 दिनांक 30.06.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय अधि0 सं0–3422 दिनांक 30.06.2026 द्वारा विभाग के अंतर्गत स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन में कार्यरत सहायक अभियंताओं का स्थानांतरण किया गया है, जिसके कंडिका–4 में वर्णित है कि सभी नियंत्री पदाधिकारी संबंधित अभियंताओं को दिनांक 09.07.2026 तक प्रभार का आदान–प्रदान करवाते हुए विरमित करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांक 09.07.2026 तक विरमित नहीं किये जाने पर संबंधित अभियंता दिनांक 10.07.2026 के अपराह्न से स्वतः विरमित समझे जायेंगे। परन्तु कतिपय कार्यालयों/कार्य प्रमंडलों से ऐसी सूचना प्राप्त हुई है कि कुछ सहायक अभियंताओं के द्वारा अपने पूर्व पद का प्रभार त्याग कर नव पदस्थापित कार्यालय में प्रभार ग्रहण नहीं किया गया है।

अतः निदेशानुसार कहना है कि स्थानांतरित सहायक अभियंताओं के प्रभार का आदान–प्रदान अविलंब सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्रवाई से विभाग को अवगत कराने की कृपा की जाय, अन्यथा विभाग द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन

Prasad
22/07/2026

**(ददन प्रसाद खरवार)**
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांकः योस्था06/03-19/2023-3887 /योवि,पटना,दिनांक 22 जुलाई, 2026

प्रतिलिपिः संबंधित सभी सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन/आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Prasad
22/07/2026

सरकार के उप सचिव